प्रेस नोट

दिनांक 08.05.2026

आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त जनशिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में अप्रैल माह में गोण्डा पुलिस ने प्रदेश में प्राप्त किया प्रथम स्थान-

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा समस्त क्षेत्राधिकारियों/थाना प्रभारियों व IGRS शाखा के कार्यों की सराहना करते हुए आगे भी जनसुनवाई तथा आईजीआरएस से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु किया गया निर्देशितः

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के नेतृत्व में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त जनशिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने पर मुख्यमंत्री कार्यालय लोकभवन द्वारा जारी माह अप्रैल की रैंकिंग में जनपद "गोण्डा पुलिस को उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान" प्राप्त हुआ है। महोदय द्वारा जनपद के सभी प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों के कार्यों की सराहना की गई तथा इसी प्रकार आगे भी जनशिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा प्रतिमाह शासन द्वारा की जाती है। समीक्षा/फीडबैक के आधार पर ही शासन द्वारा सभी जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है। शासन द्वारा आम लोगों की शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए ऑनलाइन पोर्टल की शुरुआत की गई थी। सभी प्रकार के शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की एक समय सीमा निर्धारित होती है। समय सीमा के बाद भी अगर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं होता है तो वह डिफाल्टर की श्रेणी में आ जाता है। शिकायतों के त्वरित और बेहतर निस्तारण पर जनपदों की रैंकिंग निर्धारित की जाती है। महोदय द्वारा आईजीआरएस सेल प्रभारी निरीक्षक श्री राजेश चौधरी व उनकी टीम को भविष्य में इसी प्रकार मेहनत और लगन से कार्य कर जनशिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु उत्साहवर्धन किया गया।

शिकायतों के निस्तारण कराने वाली आईजीआरएस टीम का विवरण-

01. निरीक्षक राजेश कुमार चौधरी शाखा प्रभारी
02. उ0नि0 रामसुंदर,
03. आ0 वी0पी0 कुमार,
04. आ0 चंद्रगुप्त मौर्य,
05. आ0 चन्दन प्रसाद,
06. आ0 राम नरेश,
07. म0आ0 शिखा वर्मा,
08. म0आ0 अनीता गुप्ता,
09. म0आ0 प्रीति,
10. म0आ0 दीपा कुशवाहा,
11. म0आ0 नैंसी गुप्ता

मीडिया सेल, गोण्डा।

प्रेस नोट
दिनांक - 08.05.2026, थाना उमरीबेगमगंज
जनपद गोण्डा।

थाना उमरीबेगमगंज पुलिस द्वारा जानलेवा हमला करने के 03 वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार-

कार्यवाही-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज श्री उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना उमरीबेगमगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0- 94/2026, धारा 115(2), 352, 351(3), 324(4), 109(1) बीएनएस से सम्बन्धित 03 वांछित अभियुक्तों 01. बाबूलाल पुत्र जगदीश यादव, 02. सोनू पुत्र बाबूलाल, 03. लवकुश पुत्र चन्दू यादव को बाबामठ गाँव के मोड़ तिराहे से गिरफ्तार कर उनकी निशादेही पर घटना में प्रयुक्त 03 अदद डण्डे बरामद किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

वादिनी द्वारा थाना उमरीबेगमगंज में लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 04.05.2026 को उसके गाँव के विपक्षीगण द्वारा उसके घर पर आये और गाली गुप्ता देते हुए उसके घर का टीना शेट तोड़ दिये, और मना करने पर वादिनी, उनके पुत्र, बहू , नातिन को भी मारे पीटे है। जिससे वादिनी के पुत्र अनील सिंह को गम्भीर चोटे आयी है। वादिनी की तहरीर पर थाना उमरीबेगमगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ तथा साक्ष्य संकलन के आधार धारा 109(1) बीएनएस की बढोत्तरी हुई थी। आज दिनांक 08.05.2026 को थाना उमरीबेगमगंज पुलिस टीम द्वारा वांछित 03 वांछित अभियुक्तों 01. बाबूलाल पुत्र जगदीश यादव, 02. सोनू पुत्र बाबूलाल, 03. लवकुश पुत्र चन्दू यादव को बाबामठ गाँव के मोड़ तिराहे से गिरफ्तार कर उनकी निशादेही पर घटना में प्रयुक्त 03 अदद डण्डे बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना उमरीबेगमगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

01. बाबूलाल पुत्र जगदीश यादव निवासी बाबमठ बरोली, थाना उमरीबेगमगंज, जनपद गोण्डा।
02. सोनू पुत्र बाबूलाल निवासी बाबमठ बरोली, थाना उमरीबेगमगंज, जनपद गोण्डा।
03. लवकुश पुत्र चन्दू यादव निवासी बाबमठ बरोली, थाना उमरीबेगमगंज, जनपद गोण्डा।

पंजीकृत अभियोग-

01. मु0अ0सं0 94/2026 धारा 115(2), 352, 351(3), 324(4), 109(1) बीएनएस थाना उमरीबेगमगंज जनपद गोण्डा।

गिरफ्तारकर्ता टीम-

01. उ0नि0 अरूण द्विवेदी
02. हे0का0 विजय पाण्डेय
03. का0 सुरेश यादव
04. का0 पीयुष यादव
05. रि0का0 आदर्श सिंह,
06. रि0का0 फूलचन्द

मीडिया सेल, गोण्डा।